है तमन्ना मेरे दिल की बाबा यही भजन लिरिक्स

है तमन्ना मेरे दिल की बाबा यही,
बस यूँ ही तेरा दीदार करता रहूं,
मेरी नज़रें तुम्हारी नज़र से मिले,
श्याम प्यारे तुझे प्यार करता रहूं,
हैं तमन्ना मेरे दिल की बाबा यही,
बस यूँ ही तेरा दीदार करता रहूं।bd।

hai tamanna mere dil ki baba yahi

तर्ज – तुम अगर साथ देने का।
इसी तर्ज पे – है तमन्ना यही खाटू वाले।

जितना देखूं तुझे दिल ये भरता नहीं,
देखता ही रहूं दिल करता यही,
बैठ कर तेरी तस्वीर के सामने,
अपनी चाहत का इज़हार करता रहूं,
हैं तमन्ना मेरे दिल की बाबा यही,
बस यूँ ही तेरा दीदार करता रहूं।bd।

अपने हाथों से श्याम सजाऊँ तुझे,
बागा पचरंगा मैं पहनाऊं तुझे,
तोड़ कर फूल लाऊँ गुलशन से मैं,
तेरा फूलों से श्रृंगार करता रहूं,
हैं तमन्ना मेरे दिल की बाबा यही,
बस यूँ ही तेरा दीदार करता रहूं।bd।

मुस्कराहट तेरी शोख चंचल अदा,
तेरी मुरली की धुन पे हुआ मैं फ़िदा,
गर ये चाहत गलत है 'कुंदन' रहे,
मैं ये गुस्ताखी हर बार करता रहूं,
हैं तमन्ना मेरे दिल की बाबा यही,
बस यूँ ही तेरा दीदार करता रहूं।bd।

है तमन्ना मेरे दिल की बाबा यही,
बस यूँ ही तेरा दीदार करता रहूं,
मेरी नज़रें तुम्हारी नज़र से मिले,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

श्याम प्यारे तुझे प्यार करता रहूं,
हैं तमन्ना मेरे दिल की बाबा यही,
बस यूँ ही तेरा दीदार करता रहूं।bd।

Singer – Rahul Sanwara

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com